## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 31.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 31.03.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर जनपदीय पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन से निगरानी, समुचित पुलिस प्रबन्ध व धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित करते हुये ईद-उल-फ़ितर की नमाज को शातिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।**



आज दिनांक- 31.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा ईद-उल-फितर (ईद) पर्व की नमाज के अवसर पर शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ जनपद में निरंतर भ्रमणशील रहकर सतर्क निगरानी करते हुए नमाज को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराया गया।


पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा भ्रमण के दौरान ईद की नमाज के अवसर पर ईदगाह का निरीक्षण करते हुए वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा एक दूसरे को मुबारकबाद/बधाई देकर आत्मियता प्रकट की गयी।






इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा ईद-उल-फितर पर्व की नमाज के अवसर पर क्षेत्र में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के थाना चरखारी व थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत भारी पुलिस बल की उपस्थिति में ईदगाह का भ्रमण/निरीक्षण किया गया, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को चेक कर संबंधित अधि0/कर्म0 को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारियों द्वारा ईद-उल-फ़ितर की नमाज को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर जनपद की समस्त मस्जिदों/ईदगाहों में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर ईद की नमाज को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु रोडवेज बस स्टैण्ड में मॉकड्रिल का आयोजन कर वहां मौजूद रोडवेज कर्मचारियों को जागरुक किया गया।

अग्नि से सम्बन्धित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक-30.03.2025 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा, श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड जाकर वहां मौजूद रोडवेज चालकों को एवम् कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही रोडवेज बसों में लगे अग्निशमन उपकरण एवम् कार्यालय परिसर में लगी अग्निशमन व्यवस्था चैक की गई पाई गई कमियों को दूर करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुकता पम्पलेट वितरित किये गये।

हर घर में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

छोटी-छोटी सावधानियाँ, जैसे गैस बंद करना, इलेक्ट्रिक उपकरणों की जांच करना, अग्निशामक यंत्र रखना और बच्चों को इसके प्रति जागरूक करना, हमें गंभीर हादसों से बचा सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर अग्नि सुरक्षा के सरल लेकिन प्रभावी उपायों को अपनाएँ और एक सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ।





# महोबा पुलिस



## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक- 30.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 आशिक अली मय हमराह कां0 संग्राम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 109/25 धारा 137(2) / 87/127(2) बीएनएस व धारा 7/8 पाक्सो अधि0 से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त शंकर पुत्र बाबू रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बीजानगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को नहर पुलिया ग्राम शाहपहाडी थाना कोतवाली नगर महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

शंकर पुत्र बाबू रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बीजानगर थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आशिक अली
2. कां0 संग्राम सिंह



## जनपदीय एसओजी व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान शातिर आपराधिक प्रवृत्ति के गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक- 30.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर एवं जनपदीय एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/2025 धारा 3(1) गैगेस्टर से सम्बन्धित 05 नफर वाँछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.उमाशंकर पुत्र स्व0 रामकेश उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा 2.लवकेश विश्वकर्मा पुत्र नारायणदास उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बनियाताला रैपुराकला थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 3.आकाश अहिरवार पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा 4.रविन्द्र पुत्र मकुन्दलाल गुप्ता उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 5.सौरभ गुप्ता पुत्र मकुन्दलाल गुप्ता उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को रेलवे स्टेशन बजरिया रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण व आपराधिक विवरण:-

1.उमाशंकर पुत्र स्व0 रामकेश उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा 2.लवकेश विश्वकर्मा पुत्र नारायणदास उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बनियाताला रैपुराकला थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 3.आकाश अहिरवार पुत्र प्रकाश अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बम्हौरी बेलदारान थाना चरखारी जनपद महोबा 4. रविन्द्र पुत्र मकुन्दलाल गुप्ता उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली महोबा 5.सौरभ गुप्ता पुत्र मकुन्दलाल गुप्ता उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली महोबा संबंधित 1.मु0अ0सं0 190/2024 धारा 419/420/403/411 भादवि 2.मु0अ0स0 146/25 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम:-

**कोतवाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अर्जुन सिंह
2. अपराध निरीक्षक बलवान सिंह 3. उ0नि0 दिनेश तिवारी
4. हे0का0 विकास सिंह 5. हे0का0 जगवीर सिंह 6. का0 राजेश सिंह 7. का0 आमिर खान

**जनपदीय एसओजी टीम-**

1.उ0नि0 शिवप्रताप सिंह, प्रभारी स्वाट 2.उ0नि0 रवि कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांश
3. कां0 दीपक वर्मा 4. कां0 रंजीत सिंह 5.कां. आशीष बघेल 6. कां. कुलदीप यादव
7.कां. सत्यम सिंह जादौन 8.कां. अभिषेक दुबे



## पिता की हत्या करने वाले हत्यारोपी अभियुक्त बेटे को मय आलाकत्ल (रक्तरंजित डंडे) के साथ थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है, अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त जेल भेजा गया है-

दिनांक- 30.03.2025 को थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत मंगरौल कलां में पारिवारिक मामूली विवाद में एक व्यक्ति ने अपने ही पिता पर सोते समय लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 88/2025 धारा 103(1) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा इस घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया, घटना को कारित करने वाले हत्यारोपी अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़, श्री राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़, श्री राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त रमाशंकर पुत्र स्व0 रामपाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मंगरौलकला थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के पंचायत भवन ग्राम मंगरौकला थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया है । अभियुक्त रमाशंकर उपरोक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया, जिसकी निशांदेही पर आज दिनांक 31.03.2025 ग्राम मंगरौलकला स्थित चना के खेत से आलाकत्ल (रक्तरंजित 01 अदद डण्डा बांस का) जिस पर नीले रंग का पैण्ट तथा नीचे ब्लड लगा हुआ व पहने कपडे जात जिस पर खून के धब्बे लगे थे बरामद किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया है।

### गिरफ्तार/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –

1. SHO श्री राधेश्याम वर्मा
2. उ0नि0 विवेक यादव 3. उ0नि0 योगेश रावत
4. हे0का सुमित कुमार यादव 5.का0 कौशल प्रताप सिंह
6. का0 दिनेश सिंह 7. का0 अजय कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रमाशंकर पुत्र स्व0 रामपाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मंगरौलकला थाना कुलपहाड़ महोबा

### आलाकत्ल बरामदगी विवरणः-

एक अदद रक्तरंजित डण्डा (बांस का) जिस पर नीले रंग का पैण्ट तथा नीचे ब्लड लगा हुआ व खून के धब्बे लगे हुये पहने कपडेजात

